कम्युनिटी कॉलेज
COMMUNITY COLLEGE
डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय / A Central University)

NO/CC/99/2022/338 Date 30/09/2022

# डॉ गौर कौशल विकास मेला–फेस 2

**सागर।** कम्युनिटी कॉलेज डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर द्वारा एक दिवसीय मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला 21 अक्टूबर 2022 में पुरानी सेंट्रल बैंक परिसर में आयोजित की जायेगा।

कम्युनिटी कॉलेज की नोडल अधिकारी प्रो श्वेता यादव ने बताया कि कम्युनिटी कॉलेज द्वारा मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में प्रशिक्षुओं द्वारा हस्तनिर्मित वस्तुओं एवं कलाकृतियों का प्रदर्शन एवं बिक्री भी की जायेगी। मेले में हस्तनिर्मित आभूषण, सजावटी वस्तुयें, प्रशिक्षुओं द्वारा निर्मित आकर्षक परिधान, दैनिक उपयोग की आवश्यक हस्तनिर्मित वस्तुयें, खाघ सामग्री, मशरूम उत्पादन एवं वर्मीकम्पोटिंग का संजीव प्रदर्शनी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पिछले बार कम्युनिटी कॉलेज ने 30 दिसंबर 2021 में आचार्य शंकर भवन में मेला आयोजित किया था। जिसमें 12 दुकानें में विधार्थियों ने लगभग 85000/रू बिक्री की थी। कम्युनिटी कॉलेज की ओर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों को भी सूचित किया गया है कि यदि आपके विभाग में कोई छात्र जिसे विभिन्न कलाकृतियों में महरत हासिल हो। वे कम्युनिटी कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें। हम उन्हें भी स्टॉल लगने का मौका देगें।

**मिटटी के कलाकारो को मंच**

अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में दिपावली पर्व को ध्यान में रखते हुये माननीय कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने मेला का आयोजन किया है। नोडल अधिकारी प्रो श्वेता यादव ने बताया कि दीपावली मे अधिकतर सामग्री मिटटी की तैयार की जाती थी। लेकिन वर्तमान में मिटटी के वर्तन और सामग्री की प्रथा धीरे धीरे बंद होती जा रही है। ये कलाकार आर्थिक परिस्थिति का सामना कर रहे है। हमारा प्रयास रहेगा कि हम अधिकतर मिटटी से तैयार होने वाली वस्तुओं को मेले में शामिल किया जायेगा। विशेषता दीये,दीपक,घंडे, सहित सजावटी सामग्री इत्यादि। जिससे हम ऐसे कलाकारों को एक मंच के साथ उनकी आर्थिक स्थिति में मदद में कर सकेंगें।

प्रो श्वेता यादव

Nodal Officer
Community College
Dr. H.S.Gour Vishwavidyalaya
(A Central University)
Sagar 470003 M.P.

Kanad Bhawan New Chemistry Building,UTD,Sagar
E-mail- communitycollegehsgu@gmail.com